# विधायक डॉ. चौहान के आतिथ्य में संकल्प से समाधान अभियान का ब्लॉक स्तरीय शिविर

▶ **जल संरक्षण की शपथ, एचपीवी वेक्सिनेशन के बारे में भी दी जानकारी**




**खाचरौद**। सामुदायिक भवन में विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष मनीषा शर्मा व भाजपा नेता राधेश्याम बंबोरिया की उपस्थिति में संकल्प से समाधान अभियान आयोजित किया गया। संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से शुरू हुआ था। जिसके प्रथम चरण में पंचायत स्तर पर डोर टू डोर सर्वे, शिविर आयोजित किये गए, द्वितीय चरण में क्लस्टर स्तर पर शिविर आयोजित किये।

तृतीय चरण में आज ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित किया गया। अभी तक जनपद खाचरौद में 14585 आवेदन आये, जिसमें से 14454 स्वीकृत किये गए। खाचरौद नगर पालिका में 990 आवेदन आये जिसमे से 981 आवेदन स्वीकृत हुए। इसके अतिरिक्त आज सांकेतिक रूप अभियान के दौरान पात्र पाए गए विभिन्न हितग्राहियों को लाभ वितरण भी किया गया। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण वर्ष 2025-26 में निम्न हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

1. ग्राम पंचायत टूटियाखेड़ी शंकरलाल पिता बाबूलाल स्वीकृत राशि 1.20 लाख + 90 मानव दिवस, ग्राम पंचायत भाटखेड़ी आवास बाबूलाल पिता गंगाराम स्वीकृत राशि 1.20 लाख + 90 मानव दिवस, ग्राम पंचायत भाटखेड़ी आवास राहुल पिता गंगाराम स्वीकृत राशि 1.20 लाख+90 मानव दिवस, ग्राम पंचायत भाटखेड़ी आवास बद्रीलाल पिता नागूजी स्वीकृत राशि 1.20 लाख+90 मानव दिवस, ग्राम पंचायत रत्न्याखेड़ी आवास रमेश पिता पुनाजी स्वीकृत राशि 1.20 लाख + 90 मानव दिवस। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत प्रति हितग्राही 600 प्रति माह के मान से ग्राम पंचायत भैसोला में खुशी को मंदबुद्धि एवं बहूविकलांग पेंशन, रामचंद्र को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन। ग्राम पंचायत कंचनखेड़ी आर्यन धाकड़ को मंदबुद्धि एवं बहूविकलांग पेंशन, अरुण निनामा को सामाजिक सुरक्षा निशक्त पेंशन, सूरज बाई को सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन। ग्राम पंचायत मड़ावदा में सोहन बाई को सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन, शंकर लाल को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन। ग्राम पंचायत परमारखेड़ी में सीताबाई को सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन। ग्राम पंचायत टकरावदा में गोवर्धन को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन के स्वीकृति आदेश प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत दुपडावदा के आवेदक धर्मेंद्र को अनुग्रह सहायता राशि 2 लाख, ग्राम पंचायत बारथुन के हितग्राही अनीता को अनुग्रह सहायता राशि 2 लाख एवं अमर सिंह को अनुग्रह सहायता राशि 2 लाख, ग्राम पंचायत ऊंचाहेड़ा के हितग्राही कंचन बाई को अनुग्रह सहायता राशि 2 लाख, ग्राम पंचायत बड़ागांव के हितग्राही भुरे खान को अनुग्रह सहायता राशि 2 लाख, ग्राम पंचायत कनवास के हितग्राही सत्यनारायण पोरवाल को अनुग्रह सहायता राशि 4 लाख, ग्राम पंचायत नरसिंहगढ़ के हितग्राही संतोष बाई को अनुग्रह सहायता राशि 4 लाख एवं रईसा बी को अनुग्रह सहायता राशि 2 लाख, ग्राम पंचायत घिनोदा के हितग्राही तेजराम को अनुग्रह सहायता राशि 2 लाख, ग्राम पंचायत मडावदा के हितग्राही नानूराम को अनुग्रह सहायता राशि 2 लाख का स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम नेहा साहू, सीईओ गिर्राज शर्मा, सीएमओ, सीडीपीओ, बीईओ, एइपीएचई एवं जनपद स्टाफ उपस्थित थे।


## एक नजर में

### विहिप ग्रामीण जिला कार्यालय निर्माण का भूमिपूजन



**घट्टिया**। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के उज्जैन ग्रामीण जिला कार्यालय का भूमिपूजन गुरुवार शाम को हुआ। 2100 स्क्वायर फीट में बनने वाले ग्रामीण जिला कार्यालय का निर्माण तुलाहेड़ा पहुंच मार्ग पर स्थित भूमि पर होगा। कार्यक्रम के अतिथि मालवा प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव, मालवा प्रांत उपाध्यक्ष महेश गोठी, मालवा प्रांत मंत्री विनोद शर्मा, उज्जैन जिला ग्रामीण अध्यक्ष नारायणसिंह पंवार थे। शुभारंभ दीप प्रज्वलन, प्रभुश्री राम दरबार के चित्र पर माल्यार्पण व गीत के साथ हुआ। भूमिपूजन व अतिथि उद्बोधन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सह भोज का आयोजन किया गया। संचालन प्रखंड मंत्री कृष्णा ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में जिला मंत्री नागेश्वर राठौर, जिला संयोजक जीवन गुर्जर, प्रांत कोषाध्यक्ष गिरधारीलाल कुमावत, प्रांत संयोजिका ज्योति प्रिया दीदी, प्रांत सहमंत्री महेश आंजना, प्रांत सहसंयोजक मुकेश पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर दवे, ओमप्रकाश पाठक, मातृशक्ति जिला संयोजिका लक्ष्मी दीदी, जिला संगठन मंत्री मोहनसिंह राठौर, विभाग मंत्री विष्णु पाटीदार, विभाग संयोजक प्रीतम बैरागी, रवि चौहान, महेंद्रसिंह डोडिया, सत्यनारायण शर्मा, दिनेश त्रिवेदी, राम ओरा, राजेश आंजना, जसवंत सिंह ठाकुर, मनोहर सिंह आंजना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन




**उज्जैन**। शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में असफलता के भय को दूर कर सफलता कैसे प्राप्त करें विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अंजना बुंदेला द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. प्रतिभा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि असफलता ही सफलता का द्वार खोलती है। उन्होंने छात्राओं को सफलता के विभिन्न आयामों से अवगत कराते हुए समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास, अनुशासन, निर्णय लेने की क्षमता, कार्य-रणनीति, निरंतरता तथा सकारात्मक सोच जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। साथ ही उन्होंने सफल व्यक्तियों के उदाहरण प्रस्तुत कर छात्राओं को प्रेरित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने सफलता उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है। पंक्तियों के माध्यम से छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य की सफलता उसके समय पर पूर्ण होने में निहित होती है। उन्होंने छात्राओं को परिश्रम, आत्मविश्वास और अपनी क्षमता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारण करने की प्रेरणा दी तथा संभावनाओं को पहचानकर उन्हें निखारने पर बल दिया। संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अंजना बुंदेला द्वारा किया गया। प्रोफेसर सरिता यादव, डॉ. मनीष परमार, डॉ. रूपा भावसार, डॉ. भावना नागर, डॉ. पीयूष पांडे के सहयोग से संपन्न इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### एक्सिस बैंक बना टेस्ला का प्राथमिक फाइनेंसर

**इंदौर**. एक्सिस बैंक ने घोषणा की है कि वह टेस्ला के लिए पसंदीदा फाइनेंसर (वित्तपोषक) बन गया है, जो टेस्ला के ग्राहकों को उनकी ज़रूरत के अनुरूप फाइनेंसिंग समाधान और वाहन खरीद का बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगा। यह गठजोड़, पर्यावरण अनुकूल वाहन अपनाने की रफ्तार बढ़ाने में मदद करने के लिए नवोन्मेषी, ग्राहक केंद्रित वित्तपोषण समाधान प्रदान कर भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विस्तार के प्रति एक्सिस बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. यह गठजोड़ देश भर में लागू होगा और इसके तहत बड़े महानगरों तथा उभरते इलेक्ट्रिक हब के ग्राहकों को विश्वसनीय तरीके से टेस्ला कार खरीदने के लिए आसान, डिजिटल प्रक्रिया आधारित ऋण विकल्प मिलेंगे. एक्सिस बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, मुनीश शारदा ने इस गठजोड़ पर अपनी टिप्पणी में कहा, भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का तेज़ी विस्तार हो रहा है, ऐसे में एक्सिस बैंक को इस प्रक्रिया को तेज़ करने में मदद करने के लिए टेस्ला के साथ गठजोड़ करने पर गर्व है. इस गठजोड़ के ज़रिए, हम नवोन्मेषी, ग्राहकों की व्यक्तिगत ज़रूरत के अनुरूप ऋण समाधान मुहैया कराकर वैश्विक स्तर के इलेक्ट्रिक वाहन को आसानी से हासिल करने का अवसर प्रदान कर रहे हैं. इससे ग्राहकों के लिए सुविधाजनक तरीके से बैंक के लचीले समाधान के ज़रिये पर्यावरण अनुकूल वाहन खरीदना सुविधाजनक हो जाएगा.

### शिवकृपानंद स्वामी की वर्ल्ड मेडिटेशन एक्सपर्ट कमेटी में नियुक्ति

**इंदौर**. हिमालयन समर्पण ध्यानयोग के संस्थापक शिवकृपानंद स्वामी को, वर्ल्ड मेडिटेशन फाउंडेशन ने अपनी प्रतिष्ठित वर्ल्ड मेडिटेशन एक्सपर्ट कमेटी में सदस्य के रूप में शामिल किया है. यह नियुक्ति भारत की आध्यात्मिक परंपरा और उसकी वैश्विक प्रतिष्ठा के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है. स्वामीजी के गहन आध्यात्मिक ज्ञान और मानवता के प्रति निरंतर सेवा को देखते हुए, वर्ल्ड मेडिटेशन डे कमेटी और जंगटो सोसाइटी ने उन्हें दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित जंगटो सोशल एंड कल्चरल सेंटर में आयोजित सेकंड 'वर्ल्ड मेडिटेशन डे' फोरम में विशिष्ट वक्ता के रूप में आमंत्रित किया है. हिमालय में अनेक वर्षों की कठोर साधना से प्राप्त दिव्य ज्ञान को स्वामीजी, जिनका एक केंद्र गांधीनगर (गुजरात) के निकट महुडी रोड पर भी स्थित है, पिछले 31 वर्षों से समाज तक पहुंचा रहे हैं। विश्वभर में फैल रहे आज 72 देशों के साधक हिमालयन समर्पण ध्यान की साधना से आध्यात्मिक और सर्वांगीण प्रगति का अनुभव कर रहे हैं.

## सान्दीपनि विद्यालय में पालक शिक्षक संघ की बैठक

**घट्टिया। शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय घट्टिया में बुधवार को पालक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14-15 वर्ष की बालिकाओं हेतु संचालित टीकाकरण की जानकारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रेमकुंवर पंवार ने दी व पालकों को टीकारण के महत्व को भी समझाया गया।**




संस्था प्राचार्य सुनील नामदेव ने परीक्षाफल की समीक्षा करते हुए आगामी शिक्षा सत्र जो 1 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा की तैयारी के विषय में चर्चा की। विद्यालय का कक्षा 5 वी से 8 वी तक का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा व कक्षा 9 वीं का 42 प्रतिशत व कक्षा 11वी का परिणाम 57 प्रतिशत रहा। उपप्राचार्य रानू परमार ने पालकों से आग्रह किया कि आप विद्यालय में प्रतिमाह आयोजित होने वाली बैठक में अवश्य आकर बच्चों के शैक्षिक स्तर का अवलोकन अवश्य करें। इसी के साथ 1 अप्रैल से विद्यार्थियों को स्कूल अवश्य भेजने का आव्हान किया। प्रवेश उत्सव के दिन विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित की जाएंगी। कक्षा 9 वीं, 11वीं के विद्यार्थियों को अंकसूची वितरित की गई। बैठक का संचालन माध्यमिक शाला लीडर गजराज सिंह मकवाना ने किया व आभार माध्यमिक शिक्षक बंसीलाल परमार ने माना।

## मुख्यमंत्री का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया



**महिदपुर**। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जन्मदिन बुधवार को महिदपुर में भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के नेतृत्व में मनाया गया। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने गोपाल गौशाला पहुंचकर गौ माता का पूजन कर गायों को आहार एवं हरा चारा खिलाया।

साथ ही लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदी) और भाजपा के वरिष्ठ पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कांतिलाल राठी, नरेन्द्र चैधरी, मनोहर सोनी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश जोशी ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में रईस अंसारी, विजय चौधरी, कृष्णकांत कसेरा, कैलाश जोशी, नरेन्द्र व्यास, उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा नेता वीरेन्द्र नवलखा, विक्की यादव, ललित गार्डी, पार्षद जगदीश राठौर, पूर्व सोशल मिडीया नगर संयोजक एडव्होकेट गौरव दशोरा, शरद परमार, कैलाश सिसोदिया, फकीरचन्द्र मालवीय, प्रहलाद बैरागी, अर्जुन ठाकुर, दीपक उपाध्याय, सोनू बैरागी, निर्मल मालवीय, आशीष तिवारी, हर्षित मोदी, कन्हैयादास बैरागी, सुनील भानोपा, प्रमोद बैरागी, राजू कहार आदि उपस्थित रहे। जानकारी देवेन्द्र उद्धव ने दी।

## संत शिरोमणि सुंदरदास महाराज के 430वें जन्मोत्सव पर निकलेगा ध्वज चल समारोह

▶ **शाम 6 बजे पंचायत भवन से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगा समारोह**

**उज्जैन**। खंडेलवाल वैश्य पंचायत उज्जैन द्वारा चैत्र शुक्ल नवमी के अवसर पर संत शिरोमणि 1008 श्री सुंदरदास जी महाराज के 430वें जन्मोत्सव पर भव्य चल समारोह का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार 27 मार्च को शाम 6 बजे से पंचायत भवन से पारंपरिक निशान ध्वज चल समारोह निकाला जाएगा। इस अवसर पर समाज के विशिष्ट जनों को समाज रत्न सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

**पूजन के बाद शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी यात्रा:** कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार शाम 6 बजे बुधवारिया स्थित खंडेलवाल वैश्य पंचायत भवन पर पारंपरिक निशान पूजन और ध्वजा स्थापना के साथ होगी। इसके पश्चात ठाकुर जी एवं संत श्री की आरती की जाएगी। बैंड-बाजों और भजनों की प्रस्तुति के बीच बग्गी में संत श्री की तस्वीर विराजित कर समारोह की शुरुआत होगी। ढोल और निशान ध्वज के साथ यह यात्रा बुधवारिया स्थित भवन से प्रारंभ होकर गीता कॉलोनी चौराहा, निकास चौराहा, तेलीवाड़ा चौराहा और गोंदा चौकी होते हुए पुन: पंचायत भवन पहुंचेगी। इस समारोह में समाज की महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इसमें मुख्य अतिथि मनीष खंडेलवाल बाजरगान परिवार आगर वाले की उपस्थिति में समाज के वरिष्ठ एवं विशिष्ट समाजसेवियों को उनके जीवनपर्यंत सामाजिक योगदान के लिए समाज रत्न सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। खंडेलवाल वैश्य पंचायत के संरक्षक सिद्धेश्वर दास, अध्यक्ष गोविंद खंडेलवाल, सचिव अनिल सामरिया, कोषाध्यक्ष गुलशन नाटाणी, उपाध्यक्ष राजेंद्र झालानी, सहसचिव मनीष खंडेलवाल, समन्वयक राजेंद्र सोखिया, उत्सव प्रभारी देवेन्द्र जंघिनिया, भवन व्यवस्था प्रभारी मनीष मेहरवाल, अर्पित गुप्ता और कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र गुप्ता व अनिल गुप्ता ने समाजजनों से इस आयोजन में सपरिवार सम्मिलित होने की अपील की है।

## कलम जब भी उठाओ साथी, मन में हिंदुस्तान रहे : पं. व्यास

▶ **कविता ने सदैव जनता के मानस को परिवर्तित किया-कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज**



**उज्जैन**। जूते फटे पहन लो साथी दिल में स्वाभिमान रहे, कलम जब भी उठाओ साथी मन में हिंदुस्तान रहे... इन विचारोत्तेजक पंक्तियों के साथ भारत माता की आरती के रचयिता दादा पं. देवकृष्ण व्यास ने प्रेमचंद सृजन पीठ द्वारा राष्ट्रकवि श्रीकृष्ण सरल को समर्पित काव्य अनुष्ठान में शिखर कलश स्थापित किया। उन्होंने श्रीकृष्ण सरल और प्रेमचंद पर सार्थक रचनाएं सुनाते हुए कहा कि आज अकादमियां और पीठें सरल को याद कर रही हैं, जबकि उनके जीते जी तत्कालीन सत्ताओं ने उनकी उपेक्षा ही की। यदि वे आज होते तो पद्म सम्मान से अलंकृत होते।

**कविता ने हमेशा जागरण का काम किया:** कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि कविता और कवियों ने सदैव जनता के मानस को परिवर्तित किया है। चाहे आजादी का समय हो या वर्तमान का, कविता ने हमेशा जागरण के काम ही किए हैं। उन्होंने इस सारस्वत अनुष्ठान के लिए सभी कवियों को शुभकामनाएं दीं। आयोजन में खरगोन से आए वरिष्ठ गीतकार दर्द शुजालपुरी ने रश्मियां जिसके चेहरे पर केसर मलें, जिसमें घर-घर भगतसिंह जैसे बेटे पलें, वंदनम वंदनम है भुवन भारती जैसे गीत सुनाकर श्रोताओं को आंदोलित कर दिया। वरिष्ठ व्यंग्य कवि व मध्य प्रदेश लेखक संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र गट्टानी ने अपनी पंक्तियों से झकझोरा-उसने गर्म जोशी से हाथ मिलाया और मेरी आस्तीन को घूरने लगा, शायद रहने की जगह तलाश रहा था। वरिष्ठ कवि अशोक भाटी ने भारत भूमि की शान में इस धरती को रोज रात चांद निहारे, दक्षिण में चरण इसके सागर पखारे... सुनाकर तालियां बटोरीं।

कवि पत्रकार नरेन्द्र सिंह अकेला ने बेटियों के हक में आवाज उठाते हुए कहा-मुसीबत बाप पर आई तो बेटे चल दिए घर से, तोड़कर गुल्लक बेटी ने वो राशि बाप को दे दी। प्रयागराज से आए गीतकार शैलेंद्र मधुर ने सरस गीतों की सस्वर प्रस्तुति दी। ललितपुर उप्र से आई मंजू कटारे ने आध्यात्मिक गीतों से वातावरण को राममय कर दिया। वहीं, खातेगांव के प. मुकेश मासूम ने हास्य क्षणिकाओं और प्रतिगीतों से उपस्थित समुदाय को गुदगुदाया। संचालन हास्य कवि दिनेश दिग्गज ने किया, जिन्होंने अपनी हास्य रचनाओं, शायरियों और गंभीर मुक्तकों से समां बांधा। कार्यक्रम की शुरुआत में सरस्वती वंदना नेहा दुबे ने प्रस्तुत की। अध्यक्षता करते हुए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य राजेशसिंह कुशवाह ने श्रीकृष्ण सरल के स्मरण के लिए प्रेमचंद सृजन पीठ को साधुवाद दिया। उन्होंने मंच से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जन्मदिन पर शुभकामनाएं प्रेषित कीं और ।सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की शलाका दीर्घा में संपन्न इस सारस्वत अनुष्ठान में नगर के साहित्यकार और सुधीजन उपस्थित रहे। इनमें मध्य प्रदेश लेखक संघ के अध्यक्ष आचार्य डॉ. हरिमोहन बुधौलिया, विक्रमादित्य शोध पीठ के कार्यकारी निदेशक डॉ. रमण सोलंकी, डॉ. श्रीकृष्ण जोशी, वरिष्ठ व्यंग्यकार डॉ. पिलकेंद्र अरोरा, प्राची के अध्यक्ष व व्यंग्यकार शशांक दुबे, डॉ. शेखर मैदमवार, जैन कवि संगम के अध्यक्ष सुगनचंद जैन, हास्य कवि सुरेन्द्र सर्किट, पंडित राहुल शर्मा, डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय, डॉ. मोहन बैरागी, संस्कार भारती के संजय शर्मा थे।

**एक नजर** ▶ **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया वर्चुअली संबोधित, विवाह समिति को एक लाख रुपये देने की घोषणा**

## नवमी पर मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट का 41वां सामूहिक विवाह सम्मेलन

**उज्जैन। मोहनपुरा, बड़नगर रोड स्थित चार भुजा गार्डन में मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में रामनवमी (26 मार्च) के पावन पर्व पर सर्व सेन समाज का 41वां नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह में 29 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।**

प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौहान, ट्रस्ट अध्यक्ष संतोष वर्मा, कैलाश चौहान, समिति अध्यक्ष गुड्डू पहलवान ने बताया कि कार्यक्रम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने नवदंपतियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी 29 जोड़ों को 11-11 हजार रुपये और मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट विवाह समिति को एक लाख रुपये देने की घोषणा की। समारोह में समाज की ओर से एक अनुकरणीय पहल करते हुए सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया, जिसके तहत उपहार सामग्री के साथ प्रत्येक दूल्हे को सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेलमेट भेंट किया गया।

**इनकी रही प्रमुख उपस्थिति :** आयोजन में ट्रस्ट संरक्षक अशोक राठौर, प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौहान, ट्रस्ट अध्यक्ष संतोष वर्मा, कैलाश चौहान, समिति अध्यक्ष गुड्डू पहलवान, संभाग अध्यक्ष परमानन्द सेन, ट्रस्ट उपाध्यक्ष सुरेश सोलंकी, ट्रस्ट सदस्य कैलास चौहान, मंदिर व्यवस्थापक देवेंद्र देवड़ा, समिति व्यवस्थापक बाबूलाल वर्मा सिलोदा रावल, पुरुषोत्तम राठौर, नगर अध्यक्ष ओम वर्मा लाहोरी, नगर युवा अध्यक्ष अर्जुन वर्मा, उज्जैन दक्षिण अध्यक्ष सचिन वर्मा, मनोहर परमार, वीरेंद्र परमार, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर वर्मा, समिति कार्यवाहक अध्यक्ष अशोक सेन, समिति कार्यवाहक अध्यक्ष जगदीश देवड़ा, मदनलाल सोलंकी गिरदावर, ट्रस्ट सचिव राधेश्याम वर्मा (दूध संघ), मनोहर लाल सेन अचलूखेड़ी और भारतलाल परमार चिखली मौजूद रहे। साथ ही प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष नवीन वर्मा, ट्रस्ट सदस्य प्रवीण भाटी, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोलंकी, महिला प्रदेश अध्यक्ष स्मिता सोलंकी, नगर अध्यक्ष निशा वर्मा, आर्यन राठौर, ओमप्रकाश भाटी (बड़नगर), जगदीश वर्मा सिलोदा, संरक्षक ट्रस्टीगण देवनारायण सोलंकी, मोहनलाल वर्मा, कैलाश वर्मा, सुरेश वर्मा, शंकरलाल परमार, ट्रस्ट महासचिव मुलचंद वर्मा, ट्रस्ट सदस्य सुभाष तंवर, ट्रस्ट प्रसार मंत्री शिवनारायण सेन, सुरेश सौलंकी, विशाल चौहान, दिनेश राठौर, बाबूलाल वर्मा, परमानंद वर्मा, संतोष भाटी, राहुल वर्मा, संदीप वर्मा सुरासा, गौरव सेन, रविंद्र वर्मा भैंसोदा, पंकज वर्मा, अमृत वर्मा, धर्मेन्द्र सेन उन्हेल, मुकेश भाटी (बड़नगर), अशोक भाटी, ईश्वर भाटी, प्रह्लाद भाटी, अनिल वर्मा, कुलदीप वर्मा, अनिल सेन, महेश परमार, विशाल सर्राफ, जितेंद्र परमार कचनारिया, आशीष परमार, सुनील वर्मा बालाजी, भगवानसिंह वर्मा, विजय वर्मा, सुभाष वर्मा, बद्रीलाल वर्मा (सर), राजाराम सेन भलाई, अजय वर्मा देवली, सुभाष वर्मा (हेड सा.), अशोक वर्मा (लसुड़लिया जगमाल), पुष्पेन्द्र परमार, विनोद परमार, गोपाल परमार, राहुल वर्मा (पिपली नाका), महेश वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा (सरपंच सा.), गोवर्धनलाल वर्मा लेकोड़ा, रमेश चन्द्र वर्मा रालामंडल, सत्यनारायण वर्मा, लक्ष्मीनारायण वर्मा, अजय वर्मा देवास, घनश्याम वर्मा हरसौदन, आशीष वर्मा (गोलू), ईश्वर सोलंकी, महेश वर्मा (नलवा), पवन वर्मा, विजय सेन, सचिन सेन, राम सेन, श्याम सेन, जितेन्द्र सेन (पिपलीनाका), सुरेश वर्मा सोडंग, मंगेश देवड़ा, आदित्य देवड़ा, विवेक वर्मा, जितेंद्र सेन मोजमखेड़ी, जय सेन, व्यवस्थापक अभिषेक शर्मा, राहुल वर्मा ताजपुर और रतनलाल भाटी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में ओम वर्मा लाहौरी ने सभी अतिथियों और समाजजनों का आभार व्यक्त किया।



### ▶ देश भर से पधारे अतिथि और समाजजन

समारोह में देश भर से हजारों समाजजन और कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों में भाजपा नेता सुरेंद्र यादव, पार्षद सुशील श्रीवास, पिछड़ा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रकाश जायसवाल, महामंत्री पुष्कर यादव, उपाध्यक्ष संतोष पंवार, अमित श्रीवास्तव, जितेंद्र पटेल, इंदौर के उद्योगपति व पूर्व जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा, शिव नारायण गहलोत, संजय भाती, शिवनारायण झाला, महेंद्र सेन, महावीर सेन और नीलेश वर्मा शामिल रहे।